प्रेस-नोट

थाना–कोतवाली

दिनांक – 03.12.2024

- **चोरी/गृहभेदन की घटना से संबंधित अंतर्राज्यीय 04 शातिर चोर गिरफ्तार**
- **चोरी हुआ सोने-चाँदी का आभूषण (कीमत करीब 09 लाख रुपए), घटना में प्रयुक्त 04 पहिया वाहन बरामद**
- **थाना कोतवाली एवं थाना सीपरी बाजार क्षेत्र में घटित दो अलग-अलग घटनाओं का अनावरण**
- **स्वाट, सर्वेलंस एवं थाना कोतवाली पुलिस की संयुक्त कार्यवाही**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी के कुशल निर्देशन एवं सतत मार्गदर्शन में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में दिनाँक 14.11.2024 को शिव परिवार कॉलोनी, चौकी क्षेत्र उन्नाव गेट, थाना कोतवाली, जनपद झाँसी में घटित चोरी/ गृहभेदन की घटना का सफल अनावरण कर प्रकाश में आये अंतर्राज्यीय 04 अभियुक्तों को मुखबिर की सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से ***चोरी हुए सोने-चाँदी के आभूषण (कीमत करीब 09 लाख रुपए)*** बरामद हुआ। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

संक्षिप्त विवरण-

दिनाँक 15.11.2024 को वादिया श्रीमती प्रतिभा राय पत्नी स्व0 अखिलेश राय निवासी-शिव परिवार कॉलोनी, पंचवटी निकट बुन्देलखण्ड डेंटल, जनपद झाँसी के घर में हुयी चोरी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0–368/24 धारा 305ए/317(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। इसके अतिरिक्त वादी श्री रमेश चंद्र साहू पुत्र श्री हल्केराम साहू निवासी अयोध्यापुरी कॉलोनी, थाना सीपरी बाजार की तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 345/23 धारा 380/454/411 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था।

उपरोक्त घटनाओं के शीघ्र एवं सफल अनावरण हेतु झाँसी पुलिस द्वारा सार्थक प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में दिनाँक 02.12.2024 को मुखबिर की सूचना के आधार पर निम्नलिखित अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया।

बरामदगी का विवरण

1. 01 हार,
2. 03 अंगूठी,
3. 02 चैन,
4. 02 जोड़ी झुमकी,
5. 05 जोडी टप्स,
6. 02 कंगन,
7. 08 चूड़ी,
8. 01 नथ,
9. बैंदी 01 पीली धातु
10. पायल 5 जोडी सफेद धातु
11. 01 हुण्डई आई टेन कार सिल्वर कलर व 01 लोहे की रॉड बरामद हुआ

(बरामशुदा माल की अनुमानित कीमत लगभग 9 लाख रुपये)

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम व पता-

1- वीरेन्द्र उर्फ भोला पुत्र सुखदेव पासवान निवासी ग्राम बहादुर छपरा थाना मुसहरी ब्लॉक व जिला मुजफ्फरपुर (बिहार) हाल पता हैप्पी के के मकान में बतौर किरायेदार अमन नगर थाना जमालपुर जिला लुधियाना (पंजाब), उम्र 42 वर्ष

2- जसवीर उर्फ जस्सा पुत्र प्रीतम सिह निवासी शिमलापुरी सीट नं0 16 जैन का ठेका थाना शिमलापुरी जिला लुधियाना (पंजाब), उम्र 55 वर्ष

3- राजू पुत्र जसपाल सिंह निवासी वशिष्ठ कॉलोनी हाउस नं0 1976/10 थाना थानेसर जिला कुरूक्षेत्र (हरियाणा), उम्र 46 वर्ष

4- राजेश पुत्र पारसशाह निवासी ग्राम सिमरहिया थाना मडावरा जिला छपरा (बिहार) हाल पता वागा पुराना थाना बागापुराना जिला मोगा (पंजाब), उम्र 54 वर्ष

गिरफ्तारी का दिनांक ,समय व स्थान –

दिनाँक 02.12.2024 समय 16.45 बजे नगरिया कुंआ बाईपास के पास चौकी क्षेत्र उन्नाव गेट, थाना कोतवाली, जनपद झाँसी

आपराधिक इतिहास –

1. मु0अ0सं0 345/23 धारा 380/454/411 भादवि थाना सीपरी बाजार, झाँसी
2. मु0अ0सं0 368/24 धारा 305ए/317(2)बीएनएस थाना कोतवाली, झाँसी
3. मु0अ0स0 218/23 धारा 380/454 भादवि थाना सदर जिला दौसा ,राजस्थान
4. मु0अ0स0 376/23 धारा 380/454 भादवि थाना महुआ, जिला दौसा, राजस्थान

(अन्य प्रदेशो मे भी उपरोक्त अपराधीगण का आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है।)

<u>गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण-</u>

1. उ0नि0 श्री शिव शंकर प्रताप तिवारी चौकी प्रभारी उन्नाव गेट थाना कोतवाली जनपद झाँसी
2. उ0नि0 श्री जितेन्द्र सिंह तख्तर प्रभारी स्वाट टीम (मय सर्वेलन्स टीम) जनपद झांसी
3. उ0नि0 श्री दुष्यन्त सिंह थाना कोतवाली जनपद झांसी
4. हे0का0319 संजेश कुमार थाना कोतवाली जनपद झाँसी
5. का01019 सुमित कुमार थाना कोतवाली जनपद झाँसी
6. का0125 दीपक खैनवार थाना कोतवाली जनपद झांसी
7. का0219 विजय कुमार थाना कोतवाली जनपद झांसी